## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 25.08.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **डिजिटल भुगतान क्रांति के अंतर्गत यूपीआई के 10 वर्ष पूरे, डिजिटल लेनदेन में 13,000 गुना की हुई वृद्धि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– हर भारतीय के लिए गर्व का पल।**
2. **झारखंड में मतदाता सूची सत्यापन और सुधार के लिए आज से 'होम टू रोल वेरिफिकेशन' कार्यक्रम शुरू, एक परिवार के मतदाताओं के नाम एक बूथ में होंगे शामिल।**
3. **राष्ट्रीय 41वें नेत्रदान पखवाड़े की रिम्स, रांची में हुई शुरुआत, नेत्र दान के लिए लोगों को जागरूक करने और इच्छुक लोगों से संकल्प पत्र भरवाने पर जोर।**
4. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज होगी झारखंड कैबिनेट की बैठक, लगभग दो दर्जन प्रस्तावों पर मंजूरी मिलने की है संभावना।**
5. **झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नई कार्यकारिणी के लिए 13 सितंबर को होगा मतदान, चुनाव पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी।**

********************

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस – यूपीआई ने डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में बदलाव लाते हुए दस वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह भारत के डिजिटल भुगतान प्रणाली की रीढ़ बन गया है। 25 अगस्त 2016 को शुरू हुए यूपीआई के लेनदेन की संख्या में लगभग 13 हजार गुना वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपीआई के 10 साल पूरे होने पर कहा कि राष्ट्र की इस डिजिटल क्रांति पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यूपीआई सिस्टम का शुरू होना भारत के डिजिटल पेमेंट इतिहास का सबसे बड़ा निर्णायक क्षण रहा है।

********************

झारखंड में मतदाता सूची के सत्यापन और उसमें सुधार के लिए आज से **'होम टू रोल वेरिफिकेशन'** कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यह अभियान 4 सितंबर तक राज्यभर में चलाया जाएगा। इसके तहत बूथ लेवल ऑफिसर –बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं और उनके परिवार के सदस्यों का सत्यापन कर रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य एक ही परिवार और घर में रहने वाले मतदाताओं के नाम एक ही मतदान केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज कराना है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

********************

भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा के दूसरे दिन छात्रों का जत्था आज हजारीबाग से चतरा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान हजारीबाग में छात्र नेता देवेंद्र महतो ने कहा कि इस यात्रा का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और राज्य सरकार से वादा पूरा करने की अपील की।

********************

जेपीएससी–जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ छात्र आंदोलन के दौरान छात्रों पर कार्रवाई को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने सामने हो गये हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

वहीं झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश ठाकुर ने भाजपा पर राज्य सरकार को गिराने के लिए साजिश का आरोप लगाया।

********************

राष्ट्रीय 41वें नेत्रदान पखवाड़े को लेकर रिम्स स्थित आरआईओ और आई बैंक की ओर से जागरूकता पोस्टर का विमोचन कर अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर नेत्र रोग विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि नेत्रदान से मृत्यु के बाद भी किसी के जीवन में रोशनी लाई जा सकती है। पखवाड़े के तहत आज से 8 सितंबर तक आरआईओ परिसर में आई डोनेशन प्लेज तथा अवेयरनेस कैनोपी लगेगी। आरआईओ–रिम्स ने बताया कि अभियान का संदेश नेत्रदान करें, किसी की दुनिया रोशन करें है, जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और इच्छुक लोगों से संकल्प पत्र भरवाना है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड कैबिनेट की बैठक होगी। इसमें जेपीएससी पुनर्गठन प्रस्ताव, विधानसभा के विशेष सत्र बुलाने समेत कई मुद्दों पर सहमति दिये जाने की संभावना है। इसके साथ ही लगभग दो दर्जन प्रस्तावों पर चर्चा होगी।

********************

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2026–27 के चुनाव के लिए 13 सितंबर को मतदान होगा। इसकी तैयारियों को लेकर रांची के चैंबर भवन में चुनाव समिति की बैठक हुई। इसमें अंचल किंगर को मुख्य चुनाव पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही अन्य व्यवसायियों को अलग–अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

********************

रांची समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने बताया कि जनता दरबार में जन समस्याओं के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया।

********************

गिरिडीह जिले के बनियाडीह सीसीएल की कोलियरी स्थित लंकास्टर अस्पताल परिसर में आज सुबह भू–धंसान की घटना हुई। हालांकि अस्पताल और कार्यालय बंद रहने से कोई जनहानि नहीं हुई। सीसीएल गिरिडीह के महाप्रबंधक के. एस. गैवाल ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

********************

चतरा जिले के टंडवा–पिपरवार थाना क्षेत्र की सीमा पर आज सुबह पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गिरोह के एक अपराधी विकास कुमार के पैर में गोली लगी है। एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि हाल में एक एजेंसी के कार्यालय में हुई फायरिंग की घटना के बाद राहुल दुबे गिरोह के अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

********************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक आज दोपहर के सत्र में मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। ताजा समाचार मिलने तक सेंसेक्स 131 अंक गिरकर 77 हजार दो सौ 38 पर और निफ्टी 68 अंक गिरकर 24 हजार एक सौ 51 पर आ गया।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 53 हजार 200 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 55 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

झारखंड में सक्रिय मानसून का असर जारी है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण राज्य में अगले तीन दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। एक रिपोर्ट –

********** समाप्त **********